तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

13 छात्रावास परिसर में स्वास्थ्य संकट, कीचड़ और गंदे पानी...

14 सेवा भाव जीवन का मूल मंत्र होना चाहिए : मंत्री यादव

खबर संक्षेप

सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई बाइक, भाजयुमो कार्यकर्ता की मौत

नवापारा-राजिम। नवापारा थाना क्षेत्र से एक बार फिर दुर्घटना की बड़ी खबर सामने आ रही है। मंगलवार रात तेज रफ्तार में चल रहे बाईक जौंदी गांव के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी खतरनाक थी कि कोलियारी निवासी छबि यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मृतक अपने दोस्त को छोड़ने के लिए पोड़ गया था। लौटते में ये हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि जो ट्रक सड़क किनारे खड़ी थी उसका ड्रायवर आसपास किसी भी प्रकार से संकेत चिन्ह नहीं लगाया था और न ही उनकी बैक लाइट और एंडिकेटर जल रही थी। युवक को यह ट्रक अंधेरे में नहीं दिखा और सीधे जा टकराया वहीं उसकी मौत हो गई। राहगीरों ने इस दर्दनाक दुर्घटना की खबर नवापारा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को सीएचसी पहुंचाया। डाक्टरों ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया। हादसे में युवक के चेहरे और सिर पे गंभीर चोटे आई थी। बुधवार सुबह शव का पोस्टमार्टम हुआ और परिजनों को सौंप दिया गया। युवक की मौत पर परिवार में मातम का माहोल है। बताया जा रहा है कि उनका एक छोटा बच्चा है जो 3 साल का है। मृतक युवक भाजयुमो से जुड़ा हुआ था। बता दें कि हाइवे और नेशनल हाइवे में ट्रक और हाइवा को उनके चालक बेतरतीब ढंग से लापरवाहीपूर्वक खड़ी कर देते है। जिससे हादसा हो जाता है।

10 किलो गांजे जब्त दो गिरफ्तार

महासमुंद। सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रेहटीखोल के पास नेशनल हाईवे पर पुलिस ने बाइक में गांजा तस्करी करते 10 किलो गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि पुराना सरकंडा लोधीपारा जिला बिलासपुर निवासी राजकुमार ठाकुर (42) व कोनी वार्ड-6 थाना कोनी जिला बिलासपुर निवासी सरजू श्रीवास (45) दोनों बाइक से गांजे की तस्करी कर रहे थे। उनके कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में 10 किलो गांजा (मूल्य करीब पांच लाख रुपए) और तस्करी में प्रयुक्त बाइक सीजी 10 बीयू 3679 सहित अन्य सामान जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

जलकी में ईशर राज गौरा व मड़ई आज

महासमुंद। सिरपुर क्षेत्र के ग्राम जलकी में आदिवासी गोंड समाज व ग्रामीणों के सहयोग से 4 दिसम्बर गुरुवार को ईशर राज गौरा एवं मड़ई महोत्सव का आयोजन किया गया है। दोपहर में मड़ई मेला एवं अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम होगा।

धान खरीदी पर संकट : खरीदी क्षमता को बढ़ाकर 1300 से 1400 क्विंटल तक करने की मांग

लिमिट कम होने से किसानों का धान खरीदना मुश्किल, कांग्रेस ने की क्षमता बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आदिम जाति सेवा समिति के माध्यम से समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी, खरीदी लिमिट तय होने के कारण गंभीर संकट में आ गई है। समिति प्रबंधकों ने तत्काल धान खरीदी की सीमा (लिमिट) बढ़ाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के सभी किसानों का धान खरीदा जा सके। समिति प्रबंधकों के अनुसार, एनआईसी के कंप्यूटर में धान खरीदी की मात्रा तय कर दी गई है। विगत वर्षों में जिन समितियों में लगभग 1000 क्विंटल से ऊपर धान की खरीदी होती थी, उन्हें आज केवल 600 से 700 क्विंटल धान की ही खरीदी करनी पड़ रही है। प्रबंधकों का कहना है कि यदि इसी तरह से खरीदी की गई तो किसानों का पूरा धान खरीदना संभव नहीं हो पाएगा। धान खरीदी केंद्र आदिम जाति रानी परतेवा में कांग्रेस द्वारा निगरानी समिति का गठन किया गया है, जिसमें बाल मुख्य मिश्रा, प्रहलाद यदु, धन साय निषाद, ओमप्रकाश साहू आदि शामिल हैं। समिति अध्यक्ष कुलेश्वर साहनी ने जानकारी दी कि वर्तमान में प्रतिदिन की लिमिट 730 क्विंटल है, जबकि नियमानुसार कम से कम 12 क्विंटल की खरीदी होने पर ही पूर्ण धान खरीदी की संभावना है। कांग्रेस कमेटी की मांग है की जनवरी माह तक सभी किसानों का धान पूर्ण रूप से खरीदने के लिए खरीदी क्षमता को बढ़ाकर 1300 से 1400 क्विंटल तक किया जाना चाहिए।

विभिन्न केंद्रों पर खरीदी और आवश्यकता में बड़ा अंतर

क्षेत्र के विभिन्न खरीदी केंद्रों पर वर्तमान लिमिट और वास्तविक आवश्यकता में भारी अंतर देखने को मिल रहा है, जो किसानों की चिंता बढ़ा रहा है:

खरीदी केंद्र	वर्तमान दैनिक (क्विंटल) आवश्यक	लिमिट (क्विंटल) मात्रा
अकोसमि	600	1500
साजा पाली	600	1500
सोरीद	1000	1700
अकलवारा	800	1700
रसेला	1200	2200
कनसिंघी	800	1600
छुरा	1200	2500
पांडुका	1600	2500
पिपर छेड़ी	400	1500

नोडल अधिकारी को पत्र लिखा गया है

इस संबंध में आदिम जाति सेवा समिति के प्रभारी ने बताया कि उन्होंने धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग** शाखा प्रबंधक से कर दी है। शाखा प्रबंधक के. सोम ने पुष्टि की कि लिमिट बढ़ाने के लिए नोडल अधिकारी को पत्र लिखा गया है। नोडल अधिकारी ने यह पत्र विपणन संघ एवं उच्च कार्यालय को भेजा है, किंतु अब तक धान खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ी है। सोम ने चेतावनी दी कि यदि इसी कम लिमिट में धान खरीदी की गई, तो किसानों का सभी धान खरीदना अत्यंत मुश्किल होगा।

धान तूंहर ऐप और खरीदी लिमिटेशन से अन्नदाता हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम कौंदकेरा सहित पूरे क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर धान बेचने की प्रक्रिया इस वर्ष किसानों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। अपने ही उपज को बेचने के लिए किसान नियम-कानूनों और तकनीकी समस्याओं में फंसकर भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। हरिभूमि के प्रतिनिधि भोला राम साहू को कौंदकेरा के किसान सीताराम साहू ने बताया कि उनके बेटे ने 20 नवंबर को 'तूंहर ऐप' से टोकन लेने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। अगले दिन, 21 नवंबर को सुबह 8:10 बजे ऐप खोला गया तो 24 नवंबर से लेकर 28 नवंबर तक का पूरा स्लॉट फुल दिखाई दिया। वहीं, 3 दिसंबर को जब ऐप खोला गया तो 16 दिसंबर तक के स्लॉट की खरीदी क्षमता चंद किलो से लेकर मात्र दो-ढाई क्विंटल तक ही दिख रही थी। कौंदकेरा के अन्य किसान शिवप्रसाद साहू, नारद साहू, यशवंत साहू, चतुर मंडल, और मोहर साहू ने भी यही समस्या बताई कि टोकन लेने में उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 'तूंहर ऐप' में रोजाना 8 बजे जैसे ही टोकन विंडो खुलती है, महज 10 से 15 मिनट में सभी समितियों के टोकन समाप्त हो जाते हैं। धीमी इंटरनेट सुविधा वाले या तकनीकी कारणों से देरी करने वाले किसानों के हाथ निराशा ही लग रही है।

कौंदकेरा में खरीदी लिमिट बेहद कम- कौंदकेरा समिति प्रबंधक तेजराम यादव ने बताया कि समिति में 1175 पंजीकृत किसान हैं। वर्तमान में ऑनलाइन में 686 क्विंटल और ऑफलाइन में 250 क्विंटल प्रतिदिन टोकन का विकल्प दिया गया है। यादव के अनुसार, ऑनलाइन (70%) और ऑफलाइन (30%) टोकन वितरण के कारण भी किसानों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा टोकन की मात्रा अधिक बढ़ाने के लिए संबंधित विभाग को पत्र लिखा गया है।

भारतीय किसान यूनियन की मांग- भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव तेजराम साहू ने मांग की है कि शासन प्रशासन को लिमिट बढ़ाना चाहिए साथ ही सर्वर की समस्या का समाधान करें ताकि किसानों को राहत मिल सके। किसानों की इस समस्या को देखते हुए शासन को शीघ्रता से कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि समय रहते सभी किसानों के धान की खरीदी हो सके।

एसआईआर अभियान में भाजपा सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

एसआईआर को लेकर नगर के भाजपा कार्यकर्ताओ के द्वारा वार्ड 12 मे भ्रमण कर एसआई आर की जानकारी देकर उनका फार्म भरकर बीएल ओ के पास जमा कर रहे हैं। देश के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता विशेष गहन निरीक्षण एसआईआर का कार्य चल रहा है जिनके तहत नागरिकों को अपना निर्वाचन संबंधी विवरण फॉर्म भरकर बीएलओ के पास जमा करना है। इसी कार्यक्रम के तहत फिंगेश्वर के वरिष्ठ नेता रामू राम साहू एवं भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ लोगों के घर जाकर एस आई आर फॉर्म संबंधी जानकारी दे रहे हैं साथ ही उनके फार्म भरने में सहयोग कर बीएलओ के पास जमा कर रहे हैं। इसी कड़ी में फिंगेश्वर नगर विधायक नगर वार्ड क्रमांक 12 में बलवंत यादव, तुलसी दलवानी, छत्तीसगढ़ कपड़ा बाजार के संचालक ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ कार्यकर्ता घर-घर जाकर भरवा रहे मतदाता फॉर्म

दत्तात्रेय जयंती पर आज शोभायात्रा

राजिम। गोस्वामी समाज का प्रदेश स्तरीय दत्तात्रेय जयंती समारोह राजिम स्थित भगवान श्री दत्तात्रेय मंदिर परिसर में 4 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। प्रांतीय प्रचार सचिव कामेश्वरपुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रातः 8 बजे भगवान दत्तात्रेय का मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना के पश्चात 10.30 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू, अतिविशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, विशेष अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाड़िक, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चन्द्राकर, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू अध्यक्ष, भक्तिन मंदिर ▶▶|शेष पेज 12 पर

धर्म और अध्यात्म के समागम में पिपराही पहुंचे विधायक रोहित

धार्मिक आयोजन हमारी भारतीय संस्कृति का अमूल्य धरोहर : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम पिपराही, भरूवामुड़ा और बोरियाझर के मध्य स्थित सिद्धभाबा मंदिर प्रांगण में सिद्धबाबा विकास समिति तथा शिवालय परिवार द्वारा श्रीरामचरित मानस यज्ञ और पांच दिवसीय भव्य रामकथा का आयोजन हुआ। धर्म और संस्कृति के इस विशाल आयोजन में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक रोहित साहू सभी कार्यकर्ताओं एवं यजमानों के साथ श्रीरामचरित मानस यज्ञ के पूर्णाहुति में शामिल होकर सभी के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक रोहित साहू तथा अतिथियों ने आरती में भी शामिल हुए। पांच दिनों तक चले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में भगत महेंद्र ठाकुर ने प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों का अद्भुत वर्णन किया। कथा के दौरान अनेक प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। अनुष्ठान के समापन के बाद ग्राम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। उपस्थित लोगों को विधायक रोहित साहू ने संबोधित करते हुए संस्कृति के संरक्षण का आह्वान किया और धर्मांतरण ▶▶|शेष पेज 12 पर

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

रायपुर संस्करण - 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. शृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप

राज्यपाल ने किया क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

रायपुर। नवाचार केवल प्रयोगशालाओं और कक्षाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, इसे समाज से जोड़ना होगा। राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) के क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उक्त बातें कहीं। इनोवेशन सेल, ऑल इंडिया तकनीकी शिक्षा परिषद शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आज शंकराचार्य व्यावसायिक प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में यह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

नए साल में रायपुर में होगा साहित्य उत्सव जुटेंगे देशभर के 100 से अधिक साहित्यकार

रायपुर। नए वर्ष की शुरुआत के साथ छत्तीसगढ़ एक बार फिर साहित्यिक ऊर्जा से सराबोर होने को तैयार है। आगामी महीने रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन नवा रायपुर में 23 से 25 जनवरी तक होगा, जिसमें देशभर से 100 से अधिक प्रतिष्ठित साहित्यकार शामिल होंगे। राज्य स्थापना के रजत वर्ष पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा इस आयोजन की परिकल्पना की गई थी। उनकी यह परिकल्पना अब साकार रूप लेने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में रायपुर साहित्य उत्सव के लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शंशाक शर्मा, जनसंपर्क विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, वरिष्ठ साहित्यकार सुशील त्रिवेदी, डॉ. चितरंजन कर, गिरीश पंकज, डॉ. संजीव बक्शी, प्रदीप श्रीवास्तव और शकुंतला तरार उपस्थित थीं।

प्रापर्टी रीएसेसमेंट के लिए नए साल में होगा लीडार सर्वे, जल्द तय होगी एजेंसी

रायपुर। रायपुर शहर के 70 वार्डो में मकानों, दुकानों, खाली प्लॉट सहित अन्य प्रापर्टी का रीएसेसमेंट सर्वे होगा। इसमें हर वार्ड की थ्रीडी मैंपिंग की जाएगी। इसके ही आधुनिक व बहुआयामी तकनीक की सहायता से लीडार सर्वे कर डॉटा जुटाया जाएगा। 7 साल बाद यह दूसरा मौका है, जब नगर निगम शहरभर की प्रापर्टी को खंगाल कर उसे कर के दायरे में लाने की तैयारी में है, क्योंकि जीआईएस सर्वे के बाद शहरभर में हुए नए निर्माण और पुराने मकान में अतिरिक्त निर्माण के साथ ही कई लोगों ने खुले भूखंड का क्रय किया है। इसका सटीक ब्योरा नगर निगम के पास नहीं है। लीडार सर्वे में छूटी हुई प्रापर्टी और नई प्रापर्टी की वर्तमान स्थिति की सटीक जानकारी जुटाकर उसे कर के दायरे में लाने की योजना है।

70 वार्डो में स्थित आवासीय, व्यावसायिक परिसर, खुले भूखंड की वर्तमान स्थिति का अत्याधुनिक तकनीक से सर्वे कर निर्माण की जानकारी जुटाने पहली बार नगर निगम लीडार सर्वे कराएगा। इसमें 7.60 करोड़ रुपए का खर्च अनुमानित है।

चर्चा : उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी को लेकर किसानों से चर्चा कर ली जानकारी

प्रभारी सचिव ने खरोरा, झालखम्हरिया, शेर में विकास कार्यों व खरीदी व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की प्रभारी व पंचायत एवं ग्रामीण

- पीएम जनमन अंतर्गत कमार बस्ती में पहुंची प्रभारी सचिव, आजीविका गतिविधियों का किया अवलोकन

विकास विभाग की सचिव निहारिका बारिक बुधवार को जिले के दौरे रहीं। उन्होंने ग्राम खरोरा, झालखम्हरिया और शेर में विकास कार्यों, आजीविका गतिविधियों एवं धान खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण किया।

ग्राम खरोरा पहुंचकर प्रभारी सचिव बारिक ने पंचायत क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पंचायत परिसर में प्रस्तावित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स को आय जनित, आधुनिक डिजाइन युक्त तथा सुविधाओं से परिपूर्ण बनाया जाए। निर्माण गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि सभी कार्य समयबद्ध और मानक के अनुरूप हों। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सार्वजनिक शौचालय का अवलोकन किया तथा ग्राम पंचायत विकास योजना को सुव्यवस्थित रूप से तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि 13 व्यावसायिक परिसर को आधुनिक व आकर्षक स्वरूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय रोजगार एवं पंचायत की आय में वृद्धि होगी। निरीक्षण के दौरान सचिव बारिक ने ग्राम झालखम्हरिया में स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होनें यहां विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवार से मिलकर चर्चा की और उनकी घरों में जाकर आजीविका गतिविधियों से संबंधित जानकारी ली। फुलेश्वरी एवं मनीषा कमार ने बताया कि वे बांस से टोकरी, सुपा बनाने के साथ बांस शिल्प का कार्य करते है। प्रभारी सचिव ने परिवार की आजीविका कार्य में प्रगति के लिए समूहों को बांस उपलब्ध कराने एवं बांस रोपण कर नर्सरी तैयार करने के निर्देश दिए। कमार समुदाय ने बताया कि उनके लिए यहां घर बनाएं जा रहे हैं। साथ ही उनकी बस्ती तक सड़क बनाया गया है, जिससे वे सुगमता से आना-जाना करते हैं। मौके पर मौजूद स्व सहायता समूह की सदस्य ज्ञानेश्वरी साहू ने बताया कि वे सेंट्रिंग प्लेट कार्य, कपड़ा सिलाई और सब्जी बाड़ी का कार्य करते हैं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झालखम्हरिया एवं ग्राम शेर धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ बिहान/एनआरएलएम के संचालक अश्वनी देवांगन, अपर आयुक्त विकास एस आलोक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिपं सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम अक्षा गुप्ता, खाद्य अधिकारी अजय यादव, डीएमओ आशुतोष कोसरिया मौजूद रहे।

परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक, निराकरण की आवश्यकता पर दिया बल

सरायपाली। विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल के मार्गदर्शन में सभी संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विकासखंड स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। बैठक में सेवा पुस्तिका का संधारण, पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण, आपसी स्थानांतरण, जीपीएफ पासबुक निर्धारण, संगठन द्वारा प्रेषित पत्रों का समयबद्ध प्रत्युत्तर, वरिष्ठता सूची का सही अनुक्रम में प्रकाशन, सभी प्रकार के अवकाशों में समरूपता, कोष एवं लेखा शाखा में सेवा पुस्तिका संधारण, परीक्षा अनुमति आदेशों की सूची, संतान पालन अवकाश, लंबित दिव्यांग भत्तों का निराकरण आदि प्रमुख विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सभी बिंदुओं पर त्वरित एवं तथ्यात्मक निराकरण की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएन दीवान, बीआरसीसी देवानंद नायक, छग सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय संगठन मंत्री राजाराम पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश चौहान, पूर्व अध्यक्ष मनोज रॉय, अंगद बारीक, उपेंद्र साहू, रोशन भोई, कमलेश निराला, छग टीचर्स एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष ललित साहू, कैलाशचंद्र पटेल, धर्मेंद्र राणा, किशोर पटेल, जिला शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष किशोर कुमार रथ, अनिल पटेल, हेमंत चौधरी, लिंगराज, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष भोजराज पटेल, भोलानाथ नायक, तुलाराम पटेल, धरणीधर साहू, नेहरूलाल नायक, छ.ग. प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष लव कुमार पटेल, लोकेश पात्रो, खिरोद जेरी, छग दिव्यांग संघ ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल, जितेंद्र साहू तथा शिक्षा शाखा प्रभारी स्वाधीन शर्मा एवं रूपेश महापात्र उपस्थित थे।

करिया ध्रुवा मेला में शामिल हुए विधायक पुरंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

समीपस्थ ग्राम अर्जुनी में करिया ध्रुवा का तीन दिवसीय पारंपरिक मेला बुधवार से धूमधाम के साथ प्रारंभ हो गया है। मेला शुरू होते ही क्षेत्र के ग्रामीणों, श्रद्धालुओं व आगंतुकों में उत्साह देखने को मिला। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह मेला धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बना हुआ है।

पहले दिन मेला स्थल पर करिया ध्रुवा महोत्सव मेला समिति के मुख्य आजीवन संरक्षक एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने भगवान करिया ध्रुवा की विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। मेला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले दो दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक अनुष्ठान और विभिन्न पारंपरिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मेले में पहुंच रहे हैं और उत्सव का आनंद ले रहे हैं। इस अवसर पर अनंत सिंह वर्मा, अधिवक्ता टिकेंद्र प्रधान, सादराम पटेल, प्रदीप पटेल, मुकेश पटेल, प्रियांशु दीक्षित, पूरन बरिहा, गणेश ध्रुव व विष्णु डड़सेना सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर के गायत्री शक्तिपीठ के पास नई मंडी के सामने विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मोंगरा किशन पटेल (अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद), लक्ष्मी पटेल (अध्यक्ष जनपद पंचायत), नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे। भूमिपूजन अनुष्ठान आचार्यों हेमेंद्र नायक, गोरा प्रसाद साहू (गोड़ा), केदार डडसेना द्वारा वैदिक रीति-विधानों के अनुसार सम्पन्न कराया गया। यज्ञ संचालन सरिया टीम अरविन्द प्रधान की टोली द्वारा कराया गया। प्रस्तावना का वचन वरिष्ठ परिजन कन्हैयालाल पटेल ने किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए गायत्री परिवार के वक्ताओं ने कहा कि यह परियोजना लोकमंगल की भावना से प्रेरित है। हमारा उद्देश्य समाज में संस्कार, सेवा और सद्भाव की स्थापना करना है। भूमि पूजन इसके शुभारंभ की पवित्र प्रक्रिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चातुरी नंद ने कहा कि गायत्री परिवार का समाज सुधार, नशा मुक्ति, वृक्षारोपण, संस्कार विकास तथा जागरुकता अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने इस नई पहल को क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार ट्रस्ट सरायपाली के संरक्षक डॉ. आरके वाजपेयी, वरिष्ठ परिजन राजकुमारी साहू, जितेंद्र खोडियार, जीएल साहू, सालिक राम चौधरी, गायत्री परिजन सरिया, बरमकेला, सारंगढ़, पिथौरा, बसना, महासमुंद, पदमपुर (ओडिशा), कोदोपाली (ओडिशा), भैंसादरहा, चंद्रपुर उपस्थित थे।

भारतीय संविधान दिवस समारोह में लक्ष्मीधर और विकास हुए सम्मानित

सरायपाली। समता साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ राज्य एवं सरल सरिता भजनामृत भजन समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस एवं छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती वर्ष के अवसर पर वृंदावन हाल सिविल लाईन रायपुर में भव्य प्रादेशिक सम्मेलन, काव्य गोष्ठी एवं विशिष्ट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के अनेक साहित्यकारों, शिक्षकों, समाजसेवियों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शिक्षक लक्ष्मीधर प्रधान शासकीय उच्च प्राथमिक शाला पथरला विकासखंड पिथौरा एवं विकास कुमार व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोरेसिंहा विकासखंड सरायपाली को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए राज्य अलंकरण अवार्ड 2025 मौलाना आजाद शिक्षा गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं विद्वानजनों ने की तथा पूरे प्रदेश से आए व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। सभी वक्ताओं ने संविधान की मर्यादा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता पर प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। सम्मान प्राप्त करने पर लक्ष्मीधर प्रधान और विकास कुमार ने आयोजको के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र एवं समाज हित में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा।

स्वदेशी बेचो, स्वदेशी खरीदो का संकल्प स्वदेशी संकल्प यात्रा 9 को पहुंचेगी रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने और इसकी खूबियों को आम जनता तक पहुंचाने देशभर में स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। 9 दिसंबर को यह यात्रा रायपुर पहुंचेगी।

कैट एवं एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में संचालित इस यात्रा यात्रा के स्वागत एवं कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में मंगलवार पंडरी स्थित कैट प्रदेश कार्यालय में कैट, स्वदेशी जागरण मंच एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल ने बताया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि स्वदेशी विचार को जमीनी स्तर तक ले जाया जाए और हर नागरिक को "स्वदेशी बेचो - स्वदेशी खरीदो" का संकल्प दिलाया जाए। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलता है और रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं। यह आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ाता है, आयात पर निर्भरता कम करता है।

15 लाख 65 हजार टन की खरीदी, सहकारी समितियों में आवक बढ़ने से डंप हो रहा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के 15 दिन बीतने के बाद अब तक 15.65 लाख टन की खरीदी हो चुकी है। सोसाइटियों में धान का स्टॉक लगातार बढ़ता जा रहा है। बेमेतरा और बलौदाबाजार जिलों में सबसे अधिक धान की खरीदी होने से यहां पर सोसाइटियों में बफर स्टॉक की स्थिति बनने लगी है। परिवहन किए जाने को लेकर मार्कफेड की ओर अब तक कोई दिशा निर्देश जारी नहीं होने के कारण जिलों से डीओ नहीं काटा जा रहा है।

ऐसे में धान के उठाव में देर होने से सोसाइटियों को सूखत की मार झेलनी पड़ सकती है। 15 नवंबर से राज्य के सभी जिलों में एक साथ धान खरीदी शुरू होने के बाद अब किसानों के द्वारा प्रतिदिन भारी मात्रा में धान लाया जा रहा है। 2 दिसंबर को 1.89 लाख टन धान की खरीदी की गई। खरीदी के बाद धान की सुरक्षा को लेकर सोसाइटियों की चिंता बढ़ गई है। आने वाले दिनों में धान की मात्रा और तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में सोसाइटी में धान का स्टॉक जाम होने से खरीदी पर प्रभाव पड़ेगा।

खाद्य सचिव ने किया लखौली, पलौद और मंदिर हसौद धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने रायपुर जिले के लखौली, मंदिरहसौद, पलौद और कांकेर जिले में धान खरीदी केन्द्रों का दौरा किया। उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनसे व्यवस्थाओं एवं उपार्जन प्रक्रिया से जुड़े फीडबैक प्राप्त किए। उन्होंने कहा, किसानों की सुविधा और पारदर्शिता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान से ही धान खरीदी की जाए और कोचियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। साथ ही गेट पास एप्प में समयबद्ध एंट्री हर हाल में सुनिश्चित की जाए। यह ध्यान रखें कि छोटे एवं सीमांत किसानों के टोकन कटने में कोई बाधा न हो। उन्होंने तौल प्रक्रिया, बारदाना उपलब्धता, नमी मापक यंत्र, स्टैकिंग व्यवस्था सहित सभी आवश्यक प्रबंधों की बारीकी से जांच की। जितनी धान खरीदी की जाए उसका भौतिक सत्यापन भी किया जाए। साथ ही यह ध्यान रखें की किसानों को धान देने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

अभनपुर के पीएम श्री स्कूल शिक्षकों का आईआईटी जम्मू में प्रशिक्षण

अभनपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षकों के क्षमता-विकास के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखंड अभनपुर अंतर्गत पीएमश्री स्कूलो के शिक्षकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। आईआईटी जम्मू में आयोजित इस प्रशिक्षण में अभनपुर से चयनित शिक्षकों ने साइंस एंड टेक्नोलॉजी, स्मार्ट लैब, 3डी प्रिंटर, ड्रोन तकनीक, गूगल क्लासरूम और साइबर सिक्योरिटी जैसे आधुनिक विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण एससीईआरटी छत्तीसगढ़ के निर्देश पर पीएमश्री राज्य प्रभारी आशीष गौतम की निगरानी में आयोजित किया गया, जिसमें राज्यभर से 151 शिक्षक शामिल हुए जिसमे रायपुर जिले से कुल 12 पीएमश्री स्कूलों के शिक्षक चयनित हुए जिनमें अभनपुर, खोरपा, माना कैंप, नेवरा, बिरगांव, अरुंधती आरंग, चंदखुरी, सारागांव, कुंरा एवं आरडी तिवारी रायपुर के विद्यालय शामिल हैं। प्रशिक्षण समाप्ति पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। अभनपुर के शिक्षकों की यह सहभागिता क्षेत्र के विद्यालयों में आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा को नई दिशा देगी।

पेज 11 के शेष...

एसआईआर अभियान...

विशंभर साहू, बमलेश्वरी ट्रैक्टर के संचालक अशोक साहू आदि के घर पहुंच कर फार्म भरा गया तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी बीएलओ के पास आंगनवाड़ी भवन पहुंचकर फार्म जमा कराया गया। इसी तरह से क्षेत्र के अनेक नागरिकों को एसआईआर के संबंध में जानकारी प्रदान कर फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर के बारे में बताते रहे और फार्म संबंधी जानकारी देकर फॉर्म जमा करते रहे। वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू के साथ भाजपा मंडल ऋृफगेश्वर के महामंत्री भुवन लाल साहू, पूर्व मंत्री किरणेश सोनी, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, किसान मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, किशन निषाद, नानिक साहू, यशवंत साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता गण तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी, रुक्मणी यदु एवं श्रीमती बंजारे आदि उपस्थित थे।

दत्तात्रेय जयंती पर...

समिति के अध्यक्ष लाला साहू, जिला भाजपा महामंत्री चन्द्रशेखर साहू होंगे। महंतगण, संस्थापक द्वय रमन गिरि, ओंकार पुरी, संरक्षक द्वय उमेश भारती गोस्वामी एवं अशोक गिरि विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रांताध्यक्ष काशीपुरी कुंदन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता की आसंदी से रजनीश दिव्य ध्यान योग संस्थान नया रायपुर के संस्थापक स्वामी आनंद रूपम समाज को संबोधित करेंगे। विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन, समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं, जनप्रतिनिधियों एवं प्रेरणास्त्रोत बुजुर्गों का सम्मान, सनातन संस्कृति पर आधारित सामान्य ज्ञान क्विज सहित विविध कार्यक्रम होगा। भगवान श्री दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर सुबह 7 बजे अभिषेक होगा। 9 बजे भगवान श्री सत्यनारायण की कथा पूजा पंडित रूपेश तिवारी के मंत्रोच्चारण के बीच होगा। यह जानकारी देते हुए रामकुमार गोस्वामी ने बताया कि शाम 6 से रात 9 बजे तक मंदिर प्रांगण में श्रवण कुमार साहू का रामायण पाठ होगा।

धार्मिक आयोजन हमारी...

को रोकने के लिए सभी को आगे आने की बात कही। उन्होंने ऐसे आध्यात्मिक अनुष्ठान को धर्म संस्कृति के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और वहां हुए ध्वजारोहण को अपने निजनैनो से देखने का अवसर मिला। वर्षों की तपस्या को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सार्थक कर दिखाया और सभी सनातनियों का मान बढ़ाया। विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने आयोजन समिति की मांग पर औषधि संग्रहण और संरक्षण के लिए आरक्षित वन्य क्षेत्र में तार फेंसिंग कराने, आयोजन स्थल पर विद्युतीकरण तथा एक सामुदायिक भवन निर्माण कराने की घोषणा की। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

हर संभव सहयोग देने का आश्वासन- विधायक रोहित साहू ने आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि धार्मिक चेतना को जागृत करने और युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का यह एक पुनीत प्रयास है। उन्होंने क्षेत्र के विकास के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष केशरी ध्रुव, जनपद सदस्य, संतोषी ठाकुर, सरपंच कुमारी बाई मरकाम, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, राजू साहू, दिशांक चंद्राकर, धर्मेंद्र चंद्राकर, मानसिंह निषाद, दादरगांव उपसरपंच यामिनी चंद्राकर , संतन सिंह ठाकुर, भगत ईश्वर ठाकुर, कुर्मी समाज जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा, कृष्णा पटेल, भवानी शंकर सेन, पुनीत ठाकुर, हरदी उपसरपंच रुपनाथ बंजारे, रामसाय टांडे,बल्लार मरकाम सहित आयोजन समिति के सदस्य, संत, साधक एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

इंटीग्रेटेड फुड एंड ड्रग लैब से सौ गुना बढ़ जाएगी जांच

रायपुर। नवा रायपुर में डेढ़ एकड़ जमीन में तैयार होने वाले आधुनिक इंटीग्रेटेड फूड एंड ड्रग लैब के जरिए जांच की क्षमता सौ गुना तक बढ़ जाएगी। अभी सालभर में होने वाले रासायनिक परीक्षणों की संख्या 8 हजार हो जाएगी।

इसके लिए उपयोग किए जाने वाले दास्ताने और सर्जरी ग्लब्स सहित मेडिकल डिवाइसेस की टेस्टिंग के लिए दूसरे राज्यों का मुंह नहीं देखना होगा। इस लैब के निर्माण के लिए 46.49 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। राज्य बजट में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच का दायरा बढ़ाने के लिए इंटीग्रेटेड लैब की घोषणा की गई थी। नवा रायपुर में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला सह एफडीए भवन के निर्माण के लिए 1.5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। यहां निर्माण पूर्ण होने के बाद आधुनिक उपकरणों की मदद से जांच प्रक्रिया पूरी की जाएगी। तीन मंजिला इस भवन में इंजेक्शन, आई ड्राप जैसे माइक्रोबायोलॉजिकल वस्तुओं के 2000 नमूने प्रतिवर्ष टेस्ट किए जा सकेंगे। अभी चिकित्सकीय उपकरण और सर्जिकल आयटम की जांच के लिए राज्य के दूसरे लैब पर निर्भर रहना पड़ता है।

खबर संक्षेप

खोरपा में रक्तदान महादान शिविर और मितानिन सम्मान समारोह आयोजित

अभनपुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में, एचडीएफसी बैंक के सहयोग से तथा इंडियन रेड क्रॉस ब्लड बैंक डीकेएस हॉस्पिटल रायपुर के संयोजन में रक्तदान महादान शिविर एवं मितानिन सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र की मितानिन बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्र कुमार साहू उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष खेलू राम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, विधायक प्रतिनिधि तोरण लाल साहू, संसद प्रतिनिधिअर्जुन धीवर, मंडी अध्यक्ष छबि लाल साहू, उपाध्यक्ष साहू समाज श्रीमती अनसुईया साहू, प्राधिकृत अधिकारी राघवेन्द्र साहू, बीएमओ सीएचसी अभनपुर डॉ. बीबी कोसरिया, बीपीएम अश्वनी पांडे, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजया खिलवाड़े, एबीवीपी राधेश्याम साहू चिकित्सक एवं स्वास्थ्य स्टाफ सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। शिविर में कुल 44 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। मुख्य अतिथि विधायक श्री साहू ने रक्तदान शिविर की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में मानवता और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। बीएमओ डॉ. कोसरिया द्वारा रक्तदान के लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित होने की अपील की गई। बताया गया कि वर्ष 2016 से खोरपा पीएचसी में नियमित रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन हो रहा है तथा अब तक कुल 15 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को श्रीफल एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुमकुम जोशी, प्रज्ञा शीला, रेखा ध्रुव, घानेश्वरी साहू, रोशन लाल साहू, इंदु देवांगन, , हेमलता नागरची, ठाकुरराम सोनवानी, देवानंद साहू, ललिता देवांगन, प्रतिमा डहरिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

खरोरा में मनाई गई डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

महासमुंद। ग्राम खरोरा में भारत देश के पहले राष्ट्रपति और अद्वितीय प्रतिभा के धनी भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चन्द्राकर, पंच अंजू चन्द्राकर, भारती चन्द्राकर, दामिनी चन्द्राकर, रुपेश चन्द्राकर, भूषण चन्द्राकर ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने भारत देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपना विशिष्ट योगदान दिया है। राष्ट्रहित में समर्पित उनका जीवन देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

संप्रेक्षण गृह में हुई तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला

महासमुंद। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बाल संप्रेक्षण गृह बरोंडा बाजार में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एवं तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सभी बालकों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, नशा के शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। नशा से दूर रहने प्रेरित किया गया। टेली मानस सेवा हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 14416 की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज सह जिला हॉस्पिटल से डीएमएचपी की टीम से रामगोपाल खूंटे, खोमन लाल सीनियर आदि मौजूद रहे।

पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक कल

महासमुंद। पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 5 दिसंबर को पेंशन भवन में आहूत की गई है। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। नए सदस्यों का सम्मान होगा। वहीं प्रांतीय पेंशनर दिवस 17 दिसंबर को बालौदा बाजार में आयोजित है, के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

समस्या : भीर समस्या के समाधान के दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं

छात्रावास परिसर में स्वास्थ्य संकट, कीचड़ और गंदे पानी के जमाव से 500 छात्रों पर संक्रमण का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के बीचो बीच शहर में स्थित आदिवासी बालक आश्रम, प्री मैट्रिक छात्रवास, पोस्ट मैट्रिक छात्रवास के सामने परिसर में किचड़, गंदगी और गंदी नालियों के पानी जाम हो गया है जिसके चलते संक्रमण फैलने का अंदेशा बना हुआ है लेकिन इस गंभीर समस्या के समाधान के दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं करने से इसका सेहद में विपरित असर पड़ने की संभावना है। ज्ञात हो कि तहसील मुख्यालय मैनपुर में सभी विभाग के आला अफसर निवास करते हैं और समय समय पर उच्च अफसरों का यहां आगमन होता रहता है लेकिन यह जानकर आश्चर्य होगा जिस परिसर में चार आश्रम, छात्रवास के लगभग 500 से ज्यादा छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है उस परिसर में व्याप्त गंदगी और किचड़ के समस्या को दूर करने न तो संबंधित विभाग के अधिकारियों ने ध्यान दिया न ही स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने जो काफी चिंता का विषय है। मैनपुर नगर में आश्रम परिसर में जो खेल मैदान है वह चारो तरफ किचड़, गंदगी, दलदल और पानी से भरा हुआ है जिसका मुख्य वजह नालियों के पानी जाम हो जाने से और बाहर नहीं निकल पाने से वह आश्रम परिसर में किचड़ के रूप में तबदील हो गया है और उससे उठने वाले दुर्गंध तथा मच्छार व छोटे-छोटे किड़े मकोड़े से स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ने की संभावना है।

पानी निकलने की व्यवस्था नहीं

आदिवासी बालक आश्रम के अधीक्षक केशवराम ध्रुव ने बताया कि पिछले वर्ष से किचड़ और पानी का जमाव है। वे नए आए है और इसकी जानकारी अपने अधिकारियों को दिए है। उन्होने बताया की आश्रम परिसर से बाहर पानी निकलने की व्यवस्था नहीं होने के कारण किचड़ और दलदल हो गया है जिससे मच्छर भी पनप रहा है।

समस्या की तत्काल निदान की मांग

मैनपुर आश्रम छात्रवास परिसर में पिछले एक वर्षों से किचड़ और गंदगी का पानी भरा हुआ है पहले इस परिसर में छात्र-छात्राएं खेलकुद किया करते थे लेकिन किचड़ और गंदगी के कारण खेलकुद भी बंद हो गया है और तो और इसी किचड़ और गंदगी के आसपास बच्चों को मध्यान भोजन करना पड़ रहा है जिससे गंभीर संक्रमक बिमारी फैलने का डर पैदा हो गया है जिससे पालकों में भी भारी नराजगीय देखने को मिल रही है। पिछले एक वर्षों से यह किचड़ और गंदगी का ढेर है लेकिन अब तक इसे व्यवस्थित व गंदे पानी को आश्रम परिसर से बाहर निकालने कोई ठोस कदम नही उठाया गया है। आश्रम में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के पालको व नगर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों ने गरियाबंद जिला के कलेक्टर भगवान दास उईके से मांग किया है कि बच्चों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए तत्काल इसका निदान किया जाए साथ ही इस संबंध में नगर के वरिष्ठजनों ने मांग किया है कि तत्काल गंदा पानी को परिसर से बाहर निकालने नाली निर्माण किया जाए नहीं तो संक्रमक बिमारी फैलने पर इसके जिम्मेदार क्या शासन प्रशासन होंगे।

फणीकेश्वनाथ कालेज में दिव्यांगजनों के हितार्थ छात्रों को शपथ दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणीकेश्वरनाथ कालेज फिंगेश्वर में 3 दिसंबर को अंर्तराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कॉलेज के छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत दिव्यांगजनों का सम्मान करने एवं उनकी सहायता को लेकर विभिन्न बातो का अनुशरण करने शपथ दिलाया गया। इंडियन यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी, रेड रिबन क्लब एवं दिव्यांगजन समिति, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के संयुक्त कार्यान्वयन में

समाज में सभी दिव्यांगजनों के प्रति सम्मान, गरिमा और संवेदनशीलता बनाए रखने, दिव्यांग व्यक्तियों को समान अवसर प्रदान करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने, ताकि वे बिना किसी बाधा के स्वावलंबी जीवन जी सकें। दिव्यांगता से जुड़े मुद्दों के बारे में अपनी समझ को बढ़ावा देने और दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक करने, अपने आसपास के वातावरण को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहने, ताकि सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। दिव्यांगजनों के अधिकारों और कल्याण से संबंधित कानूनों और नीतियों का समर्थन करने और भेदभाव को समाप्त करने के लिए काम करने, समान अधिकारों और अवसरों के साथ पूर्ण जीवन जी सके का शपथ दिलाया गया। उक्त जानकारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने दी। इस विशेष कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सहित यूजीपीजी के छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

प्राचार्य पदोन्नति के लिए शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

विधायक रोहित साहू की मौजूदगी में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य पद पर पदोन्नति किए जाने के लिए प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को भगवान श्री राजीव लोचन की तस्वीर भेंटकर सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, आत्माराम साहू, धर्मेंद्र ठाकुर, भुवन यादव, विवेक शर्मा, नोहर लाल मौजूद थे।

खरीदी खरीदी डिजिटल साक्षरता व सर्वर समस्या से प्रक्रिया बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खरीफ विपणन वर्श 2025–26 के लिए सरकार ने धान खरीदी प्रक्रिया को सुगम बनाने के उद्देश्य से तुहर टोकन मोबाईल एप शुरू किया है। इस व्यवस्था के तहत 70 प्रतिशत टोकन एप के मधयम से तथा 20 प्रतिशत टोकन लैंम्पस द्वारा जारी किए जा रहे है। योजना का उद्देश्य किसानों को घर बैठे टोकन उपलब्ध कराना और समितियों में लगने वाली लम्बी कतारों को समाप्त करना था लेकिन आदिवासी खासकर वनांचल क्षेत्र में यह सुविधा किसानों के लिए परेशानी का कारण बनते जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश बुजुर्ग किसान मोबाईल सही नहीं चला पाने के कारण और जानकारी के अभाव में उन्हे एप संचालित करने में कठिनाईया आ रही है। कई किसानों को टोकन प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त शुल्क तक चुकाना पड़ रहा है। वहीं शिक्षित और जानकार किसान सर्वर समस्याओं, धीमि प्रक्रिया और बार बार फैल होने वाले ओटिपी से

परेशान बताए जा रहे हैं। किसान बताते है कि धान कटाई के साथ ही बारदाना की कमी व विभिन्न परेशानियों के साथ टोकन व्यवस्था ने उनकी मु"कले और बढ़ा दी है एप प्ले स्टोर पर उपलब्ध है और आधार आधारित ओटीपी से पंजीयन के बाद किसान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक ऑनलाईन टोकन ले सकते है लेकिन जमीनी स्तर पर यह सुविधा अभीतक कारगार साबित नही हो रही है किसान धनेश नागेश, किशन मरकाम, महेश जगत, गंगाराम ठाकुर, भुवन सिंह ने बताया ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश किसान मोबाईल एप के माध्यम से टोकन नही काट पा रहे है क्योंकि उन्हे इसकी जानकारी नही है और कई किसान बड़ी मुश्किल से अब मोबाईल का उपयोग कर रहे है उन्हे कैसे टोकन काटा जाता है इसकी जानकारी नहीं है। कई किसान अपने बच्चों के माध्यम से टोकर कटवा रहे हैं लेकिन बार-बार हेंग हो जाने की शिकायत आ रही है। ओटीपी आने में देरी लगती है इसके चलते टोकन मिलना और मुश्किल हो गया है। सरकार ने धान खरीदी को सरल बनाने के लिए तुहर टोकन शुरू किया था ताकि समितियों में भीड़ कम हो और किसान घर बैठे टोकन ले सके लेकिन तकनीकी दिक्कते, नेटवर्क की समस्या और अधिकांश किसानो को डिजिटल जानकारी के अभाव के कारण यह व्यवस्था सुचारू रूप से काम नही कर पा रही है।

सातपारा में पटेल सामाजिक भवन के लिए भूमिपूजन

अभनपुर। ग्राम सातपारा मे पटेल समाज सामाजिक भवन में बाउंड्री वॉल तथा टीन शेड निर्माण कार्य के लिए विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच दया टीकू साहू, टीकू साहू, टेकराम पटेल, बुधारु पटेल, संतराम पटेल, प्रकाश पटेल, तुलेश पटेल, गीतू पटेल, खेमराज पटेल, शंकर पटेल मौजूद रहे। समाजजनों ने निर्माण कार्य को समाज के विकास का महत्वपूर्ण कदम बताते हुए एकजुट होकर सहयोग करने की अपील की।

भाजपा के जनजागरण कार्यक्रम में स्वदेशी अपनाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

भाजपा मंडल मलेवा अंचल के कार्यकर्ताओं के द्वारा दातबाय और लिटिपारा बूध पर स्वदेशी संकल्प अभियान के तहत घरों घर जाकर स्टिकर वितरण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर के संकल्प से जोड़ना और हर घर स्वदेशी, घर - घर स्वदेशी की भावना को जन जन तक पहुंचाना है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाजार के प्रतिष्ठानों और विभिन्न खाद्य सामग्री की दुकानों पर स्वदेशी अभियान के स्टिकर लगाए तथा पर्चे वितरित कर ग्राहकों और दुकानदारों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की गई। बुधवार को स्थानीय मुख्य बाजार में व्यापक जन जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान भाजपा मंडल मलेवाअचल के महामंत्री नारायण सिन्हा, ईश्वर वर्मा सहित क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं ने लोगों से शपथपत्र भरवाकर यह संकल्प भी दिलाया कि वे दैनिक जीवन में

उपयोग होने वाले सामानों में प्राथमिकता भारतीय कारीगरों, किसानों और स्थानीय उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों को देंगे, कार्यकताओं ने बताया कि स्वदेशी वस्तुओं के अधिकतम उपयोग से देश के कुटीर और लघु उद्योग, किसान और कारीगर सशक्त होंगे तथा हर वर्ग आत्मनिर्भर बनेगा। बाजार भ्रमण के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने व्यवसायियों और आमजन से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत आह्वान को साकार बनाने के लिए स्थानीय उत्पादों का उपयोग अनिवार्य है। उन्होंने लोगों से विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करते हुए भारतीय निर्मित उत्पादों को अपनाने की अपील की। महामंत्री ईश्वर वर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि देश में बने सामानों की खरीदारी बढ़े, ताकि हमारे कारीगर, किसान और छोटे उद्योग स्वावलंबी बन सके। और भारत आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में आगे बढ़े। इस मौके पर नरेश मरकाम, दीपक ओटी, टेशू राम, व्यस राम, जगदीश नागेश, रोहित मरकाम, तिलेश्वर मरकाम, लक्ष्मण नेताम सहित क्षेत्र सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

पारंपरिक तरीके से कई किसान कर रहे मिंजाई

धान की कटाई और मिंजाई अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

धान की कटाई और मिंजाई का कार्य अंतिम चरण पर चल रहा है। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड क्षेत्र में हजारों हेक्टेयर में किसान धान की फसल लेते है और धान कटाई मिंजाई जहां एक ओर आधुनिक मशीनों के माध्यम से किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर कई किसान आज भी पारम्परागत तरीके से धान की मिंजाई कर रहे है बताया जाता है कि किसान दो तरह के धान का उत्पादन करते है एक समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए जिसका कटाई और मिंजाई मशीन के माध्यम से कर लेते है क्योंकि जल्द ही सहकारी सोसायटियों में ले जा कर धान बेचना होता है और एक पतला सुगंधित धान की खेती करते है जो अपने घर के उपयोग के

लिए करते है अधिकांश किसान इन धान के फसलों को अपने खेत-खलियानों में खरही बनाकर रखे है और समय मिलते ही इसे बहुत ही सावधानी पूर्वक पूराने पारम्परागत तरीके से बेलन व दौरी के माध्यम से कर रहे है।

सिंचाई का कोई साधन नहीं- मैनपुर तहसील मुख्यालय सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में धान कटाई अंतिम चरण में युद्ध गति से चल रहा है, सुबह से किसान मजदूर खेतो के तरफ रवाना हो जा रहे है जो देर शाम रात तक घर लौट रहे है जिसके चलते गांव की गलिया चौपाल इन दिनों सुना हो गया है, रातभर जग कर किसान धान की ढेरों की रखवाली कर रहे है, किसानों को अपने खून पसीने की कमाई धान की फसल को सहेज कर रखने की चिंता सताने लगी है, क्योंकि इस क्षेत्र में सिंचाई का कोई साधन नहीं है, और किसान मानसून के भरोसे साल में एक बार ही धान की फसल लेते है, जिससे पूरा उनका सालभर का गुजारा चलता है गांव की गलिया सुनी हो गई है, और किसान मजदूर खेतों में ही लगे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों धान कटाई मजदूरी 250 रूपये तक चल रहा है तो वहीं धान की भींडा बांधने व खलियान तक लाने वाले मजदूरों को 300 रूपये तक मजदूरी देना पड रहा है। कृषि विभाग के उप संचालक चंदन राय ने बताया की धान कटाई अंतिम चरण में है बड़े मई धान की कटाई ही बाकी है। उन्होने बताया कि किसान क्षेत्र में धान कटाई कार्य और मिंजाई कार्य तेज गति से कर रहे है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. अ-2/2025-2026
ग्राम- बुरजाबहाल, तहसील- अमलीपदर, जिला- गरियाबंद (छ.ग)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन जगत पिता श्री भुजबल, जाति गोंड़, निवासी बुरजाबहाल, तहसील अमलीपदर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बुरजाबहाल, प.ह.नं. 18 तहसील अमलीपदर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नंबर 227/2 रकबा 0.84 हे. भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के तहत व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन निर्धारण कराने बाबत नक्शा, खसरा, बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हों तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक (अधिवक्ता) के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिवस के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति कर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मैनपुर

खबर संक्षेप

नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल छुरा में छात्रों ने दिखाई कलात्मक प्रतिभा

छुरा। नगर के नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल में आयोजित शाला गतिविधियों में छात्रों ने अपनी कलात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजित चित्रकारी प्रतियोगिता में छात्रों ने विविध विषयों पर आधारित आकर्षक चित्र बनाए, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में छात्रों ने एयर शो, ऑपरेशन सिंदूर, ग्लोबल परियोजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, संविधान दिवस पर भारतीय झंडा, सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रतीक, विंटर दृश्य, नदी, झरना, जल प्रपात जैसे विषयों पर चित्रकारी की। विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार निषाद ने कहा की छोटी-छोटी कोशिशें ही बड़ी सफलता का रास्ता होती हैं। छात्रों को अपनी प्रतिभा और रुचि को निरंतर बनाए रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि विद्यालय में इस तरह की प्रतियोगिताएं नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा।

धान खरीदी में अव्यवस्था से किसान परेशान : यादव

मैनपुर। ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को धान बेचने से वंचित करने जैसी स्थिति बना रही है, न तो शासन गंभीर है और न ही भाजपा के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को किसानों की चिंता है भाजपा

सरकार को किसानों की समस्याएं दिखाई ही नहीं दे रही, हर धान खरीदी केंद्र में प्रतिदिन मात्र 10–15 किसान ही धान बेच पा रहे हैं किसान लगातार चक्कर काट रहे हैं, लेकिन भाजपा के चुने हुए जनप्रतिनिधि समाधान के लिए शासन–प्रशासन को साधारण पत्रचार तक करना आवश्यक नहीं समझ रहे, एग्रोस्टेक पोर्टल के नाम पर किसानों का रकबा काटा जा रहा है, आनावरी रिपोर्ट के नाम पर फसल की पैदावार काटी जा रही है, बहुत बड़ी चुनौती किसानों के सामने है आगे गेन्दु यादव ने कहा कि बिजली की समस्या अलग है, जमीन के जो दाम बढ़े हैं उसकी लड़ाई अलग है,भाजपा सरकार के पास धान खरीदी को लेकर कोई उचित व्यवस्था नहीं हैं सुबह 8 बजे से किसान टोकन तुहर द्वार एप में में लगे रहते हैं जब एप खुलता है तो टोकन फुल हो जाता है, किसानों को ऑनलाइन टोकन नहीं मिल रहा है किसान टोकन के लिए सोसाइटी में भटक रहे हैं। श्री यादव ने कहा धान खरीदी को लेकर पूरे क्षेत्र में अव्यवस्था का आलम है।

मोहक रंगोलियों से सजे आंगन

मैनपुर। इन दिनों अगहन में घर-घर माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना किया जा रहा है और मैनपुर

देवभोग क्षेत्र में यह त्योहार पूरा माह भर धुमधाम के साथ परम्परा अनुसार मनाया जाता है। मैनपुर नगर में अगहन माह के चलते घरो के सामने महिलाएं आकर्षक रंगोली सजाते दिखाई दे रहे हैं। मैनपुर में भाजपा नेता मोहन कुशवाहा के घर रंगोली सजाते हुए।

निधन

मुकुल तिवारी

नवापारा-राजिम। विप्र समाज के

वरिष्ठ सदस्य पोंड़ वाले मुकुल तिवारी का निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में गांव के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे मानू तिवारी, तुषार बापी तिवारी के पिता थे।

शिविर : स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर में मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया

सेवा भाव जीवन का मूल मंत्र होना चाहिए : मंत्री यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा में जिलास्तरीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव और विधायक रोहित साहू शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कौन्दकेरा में आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर सेवा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास पर केंद्रित था, जिसमें पूरे जिले भर के स्काउट गाइडों ने भाग लिया। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू तथा सभी अतिथियों के पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर में मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने न केवल शिविर की गतिविधियों का अवलोकन किया, बल्कि अपने समृद्ध अनुभवों को साझा कर युवा पीढ़ी को राष्ट्र और समाज के प्रति उनके दायित्वों का बोध कराया। विदित हो कि शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव पूर्व में लंबे समय तक भारत स्काउट गाइड संघ छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त के रूप में कार्यरत रहे तथा उनके नेतृत्व में भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ की गतिविधियों में तेजी आई तथा स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ को उन्होंने एक नए आयाम पर पहुंचाया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने इस अवसर पर कहा कि स्काउटिंग और गाइडिंग केवल औपचारिकता निभाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण की पाठशाला है। उन्होंने अपने जीवन के कई प्रेरणादायक किस्से सुनाए, जिनमें सेवा, साहस और विषम परिस्थितियों में नेतृत्व करने की भावना निहित थी। कहा कि सेवा का भाव हमारे जीवन का मूल मंत्र होना चाहिए। शिविर का हर क्षण हमें कुछ नया सिखाता है और यही रचनात्मकता हमें देश के निर्माण में भागीदार बनाती है। स्काउट गाइड हमारे युवाओं को देश और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार करता है। इन कठिन प्रशिक्षणों से मिलने वाला अनुशासन और सेवा भाव उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कहा कि कौंदकेरा जैसे शैक्षणिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध क्षेत्र में आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि अनुशासन, सेवा और नेतृत्व का जीवंत पाठशाला है। स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह प्रशिक्षण उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर, संवेदनशील और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। आज इस शिविर में शामिल बच्चों के उत्साह, अनुशासन और संगठन क्षमता को देखकर मैं बेहद प्रभावित हूँ। मुझे विश्वास है कि आप सभी भविष्य में समाज और देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों को भी समान महत्व देती है। हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सिर्फ पुस्तकों तक सीमित न रहें, बल्कि उनमें नेतृत्व, टीमवर्क, चरित्र निर्माण और जिम्मेदारी जैसे गुण विकसित हों। स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण इन्हीं मूल्यों को व्यवहार में उतारने का उत्कृष्ट माध्यम है। शिविर में मिली सीख आपके जीवन को नई दिशा देगी। इस दौरान अतिथियों ने स्कुली विद्यार्थियों को साइकिल वितरित किया।

शिविर आत्मनिर्भरता और टीम वर्क का महत्व सिखाता है : साहू

समारोह की अध्यक्षता विधायक रोहित साहू ने की। इस अवसर पर उन्होने स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर की सराहना करते हुए कहा कि हमें खुशी है कि हमारे बच्चे इतनी लगन से इस प्रशिक्षण में शामिल हुए हैं। यह शिविर उन्हें आत्मनिर्भरता और टीम वर्क का महत्व सिखाता है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने कैडेट्स की ऊर्जा और स्फूर्ति की सराहना की और आह्वान किया कि वे इस प्रशिक्षण के अनुभव को अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में लागू करें। सेवा, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठ बनने की इस यात्रा में सभी कैडेट्स पूरी ऊर्जा के साथ विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि प्रदान करने के लिए आगे आएं। कहा कि ज्वाल ग्रेट कैंप फायर कार्यक्रम में सम्मिलित होना मेरे लिए गर्व की बात है। स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर जैसी गतिविधियाँ हमारे युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, टीमवर्क और सेवा भावना का विकास करती हैं। इस शिविर में बच्चों ने जो कौशल, आत्मविश्वास और संगठन क्षमता प्रदर्शित की है, वह अत्यंत प्रेरणादायी है। ऐसे प्रशिक्षण न केवल विद्यार्थियों को मजबूत व्यक्तित्व देते हैं, बल्कि उन्हें समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। मैं इस आयोजन को सफल बनाने वाले सभी शिक्षकों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों को बधाई देता हूँ और सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देता हूँ।

शिविर में हुई विभिन्न गतिविधियां

शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने प्राथमिक चिकित्सा, ट्रैकिंग, आपदा प्रबंधन, हस्तकला और सामुदायिक सेवा जैसे विभिन्न कौशल सीखे तथा रचनात्मक कार्य प्रदर्शित किए। इसके अलावा सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करते हुए नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में भी कैडेट्स ने सहभागिता निभाई। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी-ओंकार साहू, मंडल अध्यक्ष कोपरा गोपी ध्रुव, राजू साहू, नागेंद्र साहू,मंडल महामंत्री हेमंत वर्मा,जनपद सदस्य रामेश्वरी कुर्रे, जनपद सदस्य हीरामणी साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, सरपंच राधिका-मनोज साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष ओंकार साहू, बाबूलाल साहू, मकसूदन साहू, मनोज विश्वकर्मा, तामेश्वर त्रिपाठी, नेमन साहू, कृष्णा साहू, हीरा साहू, मनोज यादव,लोकेश साहू, जनपद सदस्य छुरा युवराज साहू,फुलजी साहू, महेश साहू, नेपाल साहू,जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत धीर,स्काउट गाइड संघ के रोमन लाल साहू, मुन्नालाल देवदास सहित स्काउट गाइड संघ जिला गरियाबंद के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

एसआईआर में मतदाताओं को कोई परेशानी न हो : गोवर्धन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में भाजपा मंडल द्वारा आयोजित निर्वाचन नामवली विशेष गहन पुर्नरीक्षण कार्यक्रम बैठक में शामिल होने पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीयता से स्वागत किया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा यह अभियान संगठन को सशक्त बनाने और बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का एक प्रमुख माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे घर-घर जाकर एस आई आर के साथ मतदाता सूची में सहयोग करें जिससे लोकतंत्र सही दिशा में चल सके और मजबूत हो सके और केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचा पहुंचाएं। श्री मांझी ने कहा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वि"ेश गहन पुर्नरीक्षण कार्यक्रम एक सप्ताह के लिए आगे बढ़ दिया गया है निर्वाचन आयोग के संशोधित कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए भाजपा के जिला मंडल से लेकर बुथ अध्यक्ष कमेटी घर–घर पहुंच कर इस कार्य में सहयोग करे कोई भी मतदाता विशेष गहन पुर्नरीक्षण से वंचित न हो इसका ध्यान रखा जाए उन्होने मतदाताओं से भी आहवान करते हुए कहा की विशेष गहन पुर्नरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की असुविधा होती है तो भाजपा कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर सकते है। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री घनश्याम मरकाम, दिनेश सचदेव, रामदास वैष्णव, रूपेश साहू, तुलसी राठौर, राकेश दुबे, मैनपुर सरपंच हनीता नायक, सरीता ठाकुर, मनोज मिश्रा, रामस्वरूप साहू, रामजी साहू, भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता मोहन सिंह कुशवाह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

छुरा शराब दुकान में मिलावट का आरोप, भाजपा नेता तरुण ने आबकारी मंत्री से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा/ गरियाबंद

छुरा शराब दुकान में मिलावटी शराब तैयार कर कोचियों के माध्यम से गांव-गांव खपाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। इस पूरे मामले को लेकर जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता तरुण ठाकुर ने आबकारी मंत्री और आयुक्त आबकारी को शिकायत पत्र भेजकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र में भाजपा नेता ने सहायक जिला आबकारी अधिकारी लालजी दीवान पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि छुरा स्थित देशी व विदेशी मदिरा दुकान में शराब में पानी मिलाकर बेचा जा रहा है। इसके बाद कोचियों के माध्यम से गांव-गांव इसे खपाया जाता है। ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि इस पूरी कार्यप्रणाली की पोल न खुल जाए, इसलिए अनुभवी वर्करों को हटाकर प्लेसमेंट एजेंसी की मदद से बिना नियुक्ति प्रक्रिया के अपने परिचित लोगों को दुकान में रखा गया है। आरोप है कि नियम विरुद्ध रखे गए ये कर्मचारी न तो यूनिफॉर्म पहनते हैं, न ही नाम-बिल्ला लगाते हैं, फिर भी लाइसेंसी दुकानों का संचालन इसी दल द्वारा किया जा रहा है।

भाजपा नेता का कहना है कि सहायक आबकारी अधिकारी लालजी दीवान छुरा क्षेत्र के सरकड़ा गांव के निवासी हैं और स्थानीय प्रभाव का गलत फायदा उठाते हुए विभागीय कार्यों में मनमानी कर रहे। उन्होंने सरकारी वाहन के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया है। ठाकुर का कहना है कि उनके पास वीडियो और फोटो सहित पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं, जिन्हें जांच के दौरान प्रस्तुत किया जाएगा।

आरोपों को सिरे से किया खारिज

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि दीवान के पूर्व कार्यकाल धमतरी सर्कल और मुंगेली में भी मिलावटी शराब और अनियमितताओं के मामले सामने आ चुके हैं। इस पूरे मामले पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी लालजी दीवान ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि न तो किसी रिश्तेदार को नौकरी में रखा गया है और न ही किसी तरह की मिलावटी शराब की बिक्री होती है। उन्होंने कहा कि लगाए गए सभी आरोप झूठे, मनगढ़ंत और बेबुनियाद हैं। मामले की शिकायत उच्च स्तर तक पहुंचने के बाद अब आबकारी विभाग की कार्रवाई का इंतजार है।

किसानों ने सीखे जैविक कीट प्रबंधन के आधुनिक तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय अंतर्गत कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, गरियाबंद द्वारा ग्राम्य कृषि कार्य अनुभव (रावे) कार्यक्रम के अंतर्गत प्लांट क्लिनिक पाठ्यक्रम का एक विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापक (कीट विज्ञान) डॉ. सौरभ पदमशाली के संपन्न हुआ, जिसमें किसानों को जैविक कीट प्रबंधन के विभिन्न आधुनिक एवं प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्याणथयों द्वारा खेतों का निरीक्षण किया गया और किसानों को लाभकारी कीटों की पहचान एवं उनके महत्व पर विस्तार से बताया गया।विशेष रूप फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को खाने वाले परभक्षी कीट जैसे लेडी बर्ड बीटल और रेड्यूविड बग तथा गाजर घास जैसे हानिकारक खरपतवार को खाने वाले मेक्सिकन बीटल(जाईगोग्रामा)की पहचान कर उनकी भूमिका समझाई गई,जो प्राकृतिक रूप से नियंत्रण प्रदान करते हैं।

इसके साथ ही फेरोमोन ट्रैप वोटा टी और फ्रूट फ्लाई ट्रैप जैसे विभिन्न प्रकार के कीट-फंदों का प्रदर्शन किया गया तथा उनके उपयोग की विधि बताई गई। विद्यार्थियों ने ट्राइकोकार्ड के प्रयोग एवं इसके विभिन्न रंगों के महत्व पर भी चर्चा की, जो कीटों के अंडों को नष्ट कर रसायनों के उपयोग को कम करने में सहायक होते हैं। इस जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम के अनेक किसान उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से राजकुमार यादव, तुलसी राम खूंटे, छबी राम साहू, कुमार, पवन साहू, धनिराम साहू, भारत लाल साहू, रामनारायण साहू, स्वाति, धनबाद और वासुदेव यादव शामिल थे। किसानों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में इन जैविक विधियों को अपनाने में रुचि व्यक्त की। कार्यक्रम का उद्देश्य रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता को कम करना और पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक तकनीकों को बढ़ावा देना था, जो किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

- कृषि महाविद्यालय के द्वारा जैविक कीट प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

जवाहर नवोदय चयन परीक्षा की तैयारी छात्र-छात्राओं का लिया गया माक टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

जवाहर नवोदय चयन परीक्षा की तैयारी के लिए प्राथमिक शाला रजनकटा, संकुल केंद्र अतरमरा जिला गरियाबंद के छात्र-छात्राओं का माक टेस्ट लिया गया। इस सत्र मे जवाहर नवोदय चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को होना है। जिसमे नवोदय परीक्षा की तैयारी के लिए बच्चों को स्कूल मे तथा सुविधानुसार ऑन लाइन क्लास के माध्यम से शिक्षकगण एवं ग्राम के युवाओं द्वारा बच्चों के भविष्य के लिए उन्हें कड़ी मेहनत कर तैयारी करवा रहे है। बच्चो की भविष्य को ध्यान मे रखते हुए आज ग्राम पंचायत रजनकटा की महिला सरपंच तेजकुंवर किसन कडरा ने ग्राम रजनकटा के प्राथमिक शाला में समस्त शिक्षकों की सहयोग से मॉक टेस्ट परीक्षा आयोजित किया गया। जिसमें विशेष रूप से प्रिंसिपल बीआर देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, प्रधान पाठिका धनेश्वरी मुरचुलिया, मानिक राम साहू शिक्षक, स्कूल समिति के अध्यक्ष खेमेश्वरी साहू एवं रेख राम साहू उपस्थित रहे।

भुइयां पोर्टल बंद, समर्थन मूल्य पर धान विक्रय बाधित

भूमि रिकॉर्ड अपडेट न होने से किसानों की बढ़ीं मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राजस्व विभाग का एकीकृत किसान भुइयां पोर्टल पिछले कई दिनों से बंद होने से किसानों की समस्याएँ लगातार बढ़ती जा रही हैं। भूमि रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं हो पाने के कारण इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए अनिवार्य एग्रिस्टेक पंजीयन अधर में अटका हुआ है। वहीं एग्रिस्टेक पंजीयन की बढ़ाई हुई तिथि भी समाप्त होने को है। स्थिति यह है कि भुइयां पोर्टल ठप होने की वजह से किसान इस समय समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। किसान रोजाना तहसील कार्यालय और कृषक समितियों के चक्कर लगा रहे लेकिन हर जगह से यही जवाब मिल रहा है कि पोर्टल बंद है, कार्य संभव नहीं। एग्रिस्टेक पंजीयन से पहले भूमि रिकॉर्ड अपडेट अनिवार्य है, पर पोर्टल बंद होने के चलते किसान प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे। धान बेचने समिति पहुँच रहे किसानों की कतारें दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं, लेकिन रिकॉर्ड अपडेट न होने से उनका पंजीयन रुका हुआ है। किसानों ने आशंका व्यक्त की है कि यदि समय रहते रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं किए गए तो वे इस सीजन समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच पाएंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ेगा।

किसानों ने प्रशासन से भुइयां पोर्टल को शीघ्र चालू कराने की मांग की है ताकि पंजीयन प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। इस संबंध में एसडीएम राजिम विशाल महाराणा ने बताया कि पोर्टल को पुनः चालू करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाएगा, जिससे किसानों को राहत मिल सके। भुइयां पोर्टल बंद रहने से अंचल के किसान लगातार परेशान हैं और समस्या लगातार गंभीर रूप लेती जा रही है।